हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 सामुदायिक भवन तो बना दिया पर रास्ता, बिजली, पानी...



14 पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र...



### दिन-रात चल रहे पंखा, कूलर और एसी, दोपहर को हीट वेव चल रही

# गर्मी से राहत पाने बिजली का सहारा, 8 मेगावाट लोड बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

लू के थपेड़ों के बीच राहत पाने के लिए पंखा, कूलर, एसी 24 घंटे चलने लगे हैं। इससे घरेलू कनेक्शनों में बिजली की खपत बढ़ गई है। धमतरी डिवीजन में बिजली की खपत करीब 15 प्रतिशत तक बढ़ी है। खपत बढ़ने से बिजली सप्लाई उपकरण भी जवाब देने लगे हैं। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

मौसम खुलने के बाद लगातार तापमान बढ़ रहा है। मंगलवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया। सुबह से ही गर्मी का अहसास शुरू हो जाता है। दोपहर को हीट वेव चल रही है। स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए सावधान रहने की सलाह दी है। उधर गर्मी से बचने घरों में कूलर, पंखा एसी सहित अन्य ठंडकता देने वाले उपकरण दिन-रात चलने लगे हैं। इससे बिजली की खपत बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार धमतरी डिवीजन में कुल 1 लाख 36 हजार कनेक्शन हैं। इन कनेक्शनों में औसतन 65-70 मेगावाट बिजली की खपत होती है। गर्मी बढ़ने से 8 मेगावाट बिजली की खपत बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों से बिजली की



खपत 72-80 मेगावाट हो गई है। गर्मी के साथ यह खपत और बढ़ने की संभावना है। उधर बिजली खपत बढ़ने से बिजली ट्रांसफार्मर, जम्फर, इंसुलेटर सहित अन्य बिजली सप्लाई उपकरण जवाब देने लगे हैं। इन उपकरणों पर क्षमता से अधिक भार पड़ रहा है, जिसके चलते एक के बाद एक ये उपकरण खराब हो रहे हैं। इस स्थिति में बिजली विभाग के कर्मचारियों पर काम का लोड बढ़ गया है। भयावह गर्मी में भी बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए शहर से लेकर गांव तक फेरा लगा रहे हैं।

### नहीं मिल रही राहत

लगातार उपकरण चलने के बावजूद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। गर्मी का कहर इतना अधिक है कि घरेलू उपकरण भी जवाब देने लगे हैं। इलेक्ट्रिशियनों के पास रिपेयरिंग के लिए खराब उपकरण बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए हैं। स्थिति यह है कि इलेक्ट्रिशियनों के पास छोड़ने के बाद एक हफ्ते में ही उपकरणों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। इलेक्ट्रिशियन राजू सिन्हा, चंद्रकैलाश साहू ने बताया कि इतनी ज्यादा कम्पलेन आ रही है कि वे सभी को अटेंड नहीं कर पा रहे हैं। कर्मचारियों की कमी से परेशानी और बढ़ गई है।

### आंधी तूफान से टूटे 45 पोल

हाल ही में जिले में आंधी तूफान से काफी नुकसान हुआ है। इससे विद्युत विभाग को भी अच्छा खासा नुकसान झेलना पड़ा है। जानकारी के अनुसार आंधी तूफान से धमतरी डिवीजन में 45 पोल टूट गए थे। कई स्थानों पर पोल झुक गए थे। तार भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। अन्य उपकरणों को भी नुकसान हुआ है। बिजली विभाग द्वारा सभी प्रकार के फाल्ट को सुधार लिया गया है। दिन-रात कर्मचारी इसी काम में लगे थे, जिसके चलते बिल वसूली का काम भी प्रभावित हुआ है।

### व्यवस्था दुरूस्त हो रही

आंधी तूफान से आए फाल्ट की रिपेयरिंग कर ली गई है। सबसे ज्यादा पोल छाती एरिया में टूटे थे, जहां पर नया पोल लगा लिया गया है। अन्य फाल्ट को भी सुधार लिया गया है। अब व्यवस्था दुरूस्त हो चुकी है। बिजली सप्लाई सुचारू है।

- **अनिल सोनी**, *ईई विद्युत विभाग धमतरी*

# इंटरसेप्टर वाहन से 35 चालकों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

मगरलोड में अभियान चलाकर 35 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसमें से 16 लोगों पर हेलमेट नहीं पहनने के कारण चालानी कार्रवाई की गई। सभी कार्रवाई इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से की गई है।

सउनि भेनुराम वर्मा एवं ट्रैफिक अमला मंगलवार को थाना मगरलोड पहुंचा। वहां पर थाना मगरलोड स्टाफ के साथ मिलकर इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से ग्राम भरदा के पास चालानी कार्रवाई की गई। 35 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना लाइसेंस, ओव्हरस्पीड, बिना फिटनेस, मालयान में सवारी लेकर चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यातायात जन-चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों व छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात जागरूकता पाम्पलेट वितरण भी किया गया।

# रत्नाबांधा में घूमते मिला जिलाबदर बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

कोतवाली क्षेत्र से जिलाबदर हुआ एक निगरानीशुदा बदमाश रत्नाबांधा चौक में घूमता मिला। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की और उसके बाद न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोटरस्टैंड वार्ड निवासी हिमांचल गौतम उर्फ चिंटू उम्र 19 साल पिता फनेंद्र गौतम को जिला दंडाधिकारी ने 9 अप्रैल को



जिलाबदर किया था। जिलाबदर की कार्रवाई के बाद उसे एक साल तक जिले के आसपास भी नहीं रहने का आदेश दिया गया था। इसके बाद भी चिंटू शहर में घूम रहा था। मंगलवार को पुलिस को उसके रत्नाबांधा चौक में होने की खबर मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। उसके पास जिला में प्रवेश संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में धारा 223 बीएनएस एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 15 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया।

# स्कूलों में डेढ़ माह तक रहेगी गर्मी की छुट्टी

- छुट्टी सिर्फ छात्रों के लिए, शिक्षकों को ड्यूटी करनी होगी

**धमतरी।** पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल की मांग पर तत्काल ही स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में गर्मी की छुट्टी घोषित कर दी है। यह छुट्टी 1 मई से 15 जून तक डेढ़ माह की होगी। जारी आदेश में स्पष्ट है कि यह छुट्टी सिर्फ छात्रों के लिए होगी। शिक्षकों को स्कूलों में ड्यूटी करनी होगी। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर गर्मी की छुट्टी घोषित करने का आग्रह किया था। पत्र में उन्होंने लिखा था कि रायपुर सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर व्याप्त है, जिसके चलते अप्रैल माह में ही तापमान 43 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। प्रतिदिन सुबह 9-10 बजे ही तेज धूप व गर्मी का कहर चालू हो जाता है। ऐसी स्थिति में छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल प्रारंभ रहना किसी भी परिस्थिति में उपयुक्त प्रतीत नहीं होता है। भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय एवं अशासकीय दोनों वर्गों के प्राथमिक, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में तत्काल ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की जानी चाहिए। उनके पत्र पर तत्काल निर्णय लेते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त शालाओं में 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है।

# जिले की पूर्व कलेक्टर नम्रता को मिला प्रधानमंत्री पुरस्कार

- धमतरी में जीआईएस आधारित जल संरक्षण योजना के लिए मिला उत्कृष्टता पुरस्कार
- पूर्व कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा : सफलता केवल टीम वर्क से ही संभव है

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

धमतरी जिले में जीआईएस आधारित जल संरक्षण योजना के सफल संचालन के लिए जिले की पूर्व कलेक्टर श्रीमती नम्रता गांधी को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती गांधी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। श्रीमती गांधी ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद इसे टीम धमतरी को समर्पित किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि जल संरक्षण और फसल चक्र परिवर्तन जैसे व्यापक विषयों पर सफलता केवल टीम वर्क से ही संभव है। सभी की भागीदारी से धमतरी में पानी बचाने और इसके प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए जो प्रयास किया गया, यह पुरस्कार उसकी सफलता को स्वयं ही बताता है। श्रीमती गांधी ने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओ, औद्योगिक संस्थानों के साथ-साथ सभी जिलेवासियों को भी इस पुरस्कार के मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व कलेक्टर श्रीमती नम्रता




गांधी के कार्यकाल के दौरान धमतरी जिले में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष काम किया गया। जीआईएस आधारित जल संरक्षण अभियान का संचालन किया गया जिसके तहत पानी बचाने के लिए बनाई जाने वाली सभी संरचनाओं की जीआईएस मैपिंग कराई गई। पानी बचाने के इस अभियान में जल शक्ति मंत्रालय के विशेषज्ञों की भी मदद ली गई। जिले के सभी बड़े भवनों, निजी स्कूलों, अस्पतालों, रेस्टोरेंटों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और रूफ टॉप स्ट्रक्चर बनाना अनिवार्य किया गया। पानी की समस्या से जूझने वाले गांवों में जरूरी बैठकें कर जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया गया, उन्हें रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, बेस्ट वाटर मैनेजमेंट की तकनीकों की जानकारी दी गई रैलियों, प्रभात फेरियों, दीवार लेखन-नुक्कड़ नाटकों के साथ-साथ आधुनिक प्रचार-प्रसार के तरीकों एनीमेटेड वीडियो-ऑडियो आदि के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण की अलख जगाई गई।

# कथित शंकराचार्य के खिलाफ शिकायत

- प्रदेश में प्रवेश नहीं देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

धर्म संघ, पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी ने कथित नकली शंकराचार्य को छत्तीसगढ़ में प्रवेश नहीं देने की मांग कलेक्टर से की है।

आदित्यवाहिनी के जिलाध्यक्ष दिलीप राज सोनी, साहू समाज के जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, देवांगन समाज के जिलाध्यक्ष विनय देवांगन ने सोमवार को कलेक्टर, एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि जामुल में 21 से 27 अप्रैल तक होने वाले रूद्र महायज्ञ में कथित नकली शंकराचार्य को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा है कि पुरी पीठ के 145वें शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज हैं जो



सनातन धर्म के लिए भारतवर्ष का भ्रमण कर रहे हैं। उनसे भेंटकर प्रधानमंत्री, कई मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया है। अनेक धार्मिक विषयों पर उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है। ऐसे में किसी नकली व्यक्ति को शंकराचार्य के रूप में बुलाना धर्म और भारतीय न्यायपालिका के विरूद्ध है। धर्म संघ, पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी ने फर्जी व्यक्ति के आगमन को प्रतिबंधित करने की मांग की है। इस अवसर पर विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष अशोक शास्त्री, राज मानस संघ के सचिव जेएल देवांगन, पंडित राजेश शर्मा, योगेश गांधी, दीपक लखोटिया आदि उपस्थित थे।

# ग्राम बाजार कुर्रीडीह में रोजगार गारंटी की मांग

- सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नगरी विखं के ग्राम बाजार कुर्रीडीह के सरपंच ने गांव में रोजगारमूलक कार्यों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपा। सरपंच मनीषा मरकाम ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह तथा आश्रित गांव में रोजगार गारंटी अंतर्गत रोजगारमूलक कार्यों की स्वीकृति नहीं है। यहां के मजदूर खाली बैठे हैं। मजदूरों के जीविकोपार्जन के लिए गाद निकासी गहरीकरण कार्य, पथर्रा निस्तारी नाला कुर्रीडीह, झुनकी राव तालाब



गहरीकरण, नहर नाली की मरम्मत, खेडाखई सिंचाई डेम नहर नाली की मरम्मत, जुनवानी निस्तारी नाला गाद निकासी, गहरीकरण आदि कार्यों की मांग की गई है।

# जल संभाग के लिपिक को फंसाने की धमकी

- एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

जल प्रबंध उपसंभाग लक्ष्मीनारायण ध्रुव सहायक वर्ग 3 ने जातिगत गाली-गलौज और धमकी देने की शिकायत एसपी से की है। लक्ष्मीनारायण ने लिखित शिकायत में कहा है कि सेवानिवृत्त कार्यालयीन श्रमिक पुनारद निषाद को विभाग द्वारा समस्त स्वत्वों का भुगतान हो गया है। अवकाश नगदीकरण एवं दैनिक वेतनभोगी अवधि का भुगतान शेष है जो उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं श्रम न्यायालय धमतरी द्वारा भुगतान होना है। 19 जनवरी 2025 को पुनारद निषाद ने कार्यालय में आकर हुज्जत की। फिर 15 अप्रैल को उसके शासकीय आवास गृह में आकर पत्नी और बच्चों के सामने नशे में धुत अश्लील जातिगत गाली-गलौज की। फिर 21 अप्रैल को कार्यालय में आकर 1 लाख कमीशन देने का आरोप लगाकर फंसा देने की धमकी दी। इससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं। उसका परिवार डरा सहमा है। वह ठीक ढंग से शासकीय कार्य नहीं कर पा रहा है। उन्होंने जांच कर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पुनारद निषाद से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।


### सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का हो रहा निराकरण

# भुवनेश्वर को श्रम कार्ड और चंपाबाई के बच्चे को मिला नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन कर आमजन से उनकी समस्या-शिकायतों और मांगों को दूर करने पहले चरण में आवेदन लिये गये हैं। सुशासन तिहारअब अपने दूसरे चरण में पहुंच चुका है। नगर निगम क्षेत्र के रिसाईपारा वार्ड निवासी मो. दानिश खान, सोरिदवार्ड निवासी दीपाजलि चंद्रवंशी ने बताया कि हाल ही में विष्णुदेव साय सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सुशासन तिहार चलाया गया था, जिसमें उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिया था। इस पर कार्रवाई करते हुए जन्म प्रमाण पत्र बन गया है। महापौर रामू रोहरा ने उन्हें जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया है।

अधिकारियों ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर गुणवत्तापूर्ण त्वरित कार्रवाई की जा रही है। बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र बनाकर उनके पालकों को प्रदान किया गया है। जन्म प्रमाण-पत्र प्राप्त कर मोहम्मद दानिश खान और दीपांजलि चंद्रवंशी ने कहा कि प्रदेश की साय



सरकार लोगों के हितों के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के सुशासन में जन्म प्रमाण पत्र 3 दिनों में ही मिल गया है। अब वे इस जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग बच्चों की शिक्षा सहित अन्य सरकारी कार्यो में कर सकते है। धमतरी निवासी भुनेश्वर पटेल ने श्रम पंजीयन कार्ड बनाने की मांग की थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा पंजीयन कर दिया गया है। श्रीमती चंपा बाई यादव ने मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजनांतर्गत आवेदन किया गया था। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन की जांच के बाद आवेदन स्वीकृत कर लाभान्वित किये जाने कार्रवाई की गई। शीघ्र ही आवेदिका के खाते में राशि हस्तांतरित की जायेगी। आवेदन स्वीकृत होने पर श्रीमती चंपाबाई ने कहा कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति स्वीकृत करने से उसके बच्चे की पढ़ाई अब आसानी से पूरी हो सकेगी। पहले बच्चे की फीस, गणवेश, पुस्तक आदि के लिए चिंता रहती थी। लेकिन अब साय सरकार ने हमारी सारी चिंतायें दूर कर दी है, यही सुशासन है। रमेश चंद्राकर ने नवीन ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन दिया था। तहसीलदार धमतरी ने एक ही दिन में नई ऋण पुस्तिका प्रदान की।

छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### एक देश-एक चुनाव पर आज संगोष्ठी

**कुरुद।** वंदेमातरम परिवार समिति कुरुद द्वारा नगर पंचायत परिसर अंतर्गत मंगल भवन में आज शाम 4 बजे एक देश एक चुनाव को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगर व क्षेत्र के बुद्धिजीवी नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण, मीडिया से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### कंडेल कालेज के नवीन भवन के लिए राशि स्वीकृत

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल के नवीन भवन निर्माण हेतु 465.84 लाख स्वीकृत हुई है। रामाधार साहू अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, कृपाराम साहू सांसद प्रतिनिधि, गिरधर सार्वा सरपंच, यतीश श्रीवास्तव सदस्य जनभागीदारी समिति, कृष्ण कुमार मरकाम विधायक प्रतिनिधि, रामनिहोरा साहू, गिरीशचंद्र साहू, एमआर कमलवंशी, धनेंद्र साहू, हरिश्चंद्र साहू, ओंकार नेताम, श्रीराम साहू ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश महामंत्री महापौर जगदीश का आभार व्यक्त किया है।

### भामाशाह जयंती 24 को

**अंवरी।** तहसील साहू समाज कुरुद, सभी परिक्षेत्र व ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में भामाशाह जयंती महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन 24 अप्रैल को पुराना कृषि मंडी प्रांगण कुरूद में रखा गया है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 24 को

**धमतरी।** राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक 24 अप्रैल को होगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख सुधार, फॉर्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, भू-राजस्व वसूली, नजूल भू-भाटक वसूली, आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण, डायवर्सन, वृक्ष कटाई, आधार सीडिंग, नक्शा बटांकन, भू-अर्जन, भू-आवंटन, भूमि व्यवस्थापन, नजूल पट्टों का नवीनीकरण, गिरदावरी, जियो रिफ्रेंसिंग सर्वे के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल, प्रधानमंत्री पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन से लेकर राजस्व पखवाड़े में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को एजेंण्डा अनुसार जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प 25 को

**धमतरी।** धमतरी जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्टोरेट परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 25 अप्रैल को किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस प्लेसमेंट कैम्प में हैदराबाद, कांकेर और धमतरी के निजी संस्थाओं द्वारा 1 हजार 130 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से चयनित होने वाले जिले के युवाओं को औसतन 16 से 22 हजार रूपये मासिक वेतन वाला रोजगार मिल सकेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सेक्युरिटी गार्ड, हाउस कीपिंग, एएसओ, बीमा सखी, रूरल कैरियर एजेंट, सिटी करियर एजेंट और नॉर्मल एजेंट जैसे पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## छात्रावास अधीक्षकों की कार्यशाला में नए नियमों से कराया अवगत



**कांकेर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर अन्तर्गत छात्रावास अधीक्षक-अधीक्षिका एवं लेखापाल की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला परियोजना अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने उपस्थित कर्मचारियों को छात्रावासों में स्वस्थ वातावरण तैयार कर उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए समस्त अभिलेखों को संधारित कर अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक रवि प्रकाश मिश्रा ने भी विभिन्न प्रकार की पंजी जैसे जीएसटी, टीडीएस, मासिक प्रतिवेदन, अपलेखन, भण्डार क्रय नियम से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा कर टीम भावना से कार्य करने व बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में अधीक्षक-अधीक्षिका सहित कार्यलयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने आज शिविर




**कांकेर।** नवीन नक्सल पुनर्वास नीति 2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार बुधवार 23 अप्रैल को कांकेर शहर के न्यू कम्युनिटी हॉल में सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तर के अधिकारियों को उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और शासन की योजनाओं से प्रभावित परिवारों को शत प्रतिशत सैचुरेट करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने प्रभावित परिवारों से सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत स्कूलपारा अंतागढ़ निवासी 26 वर्षीय अजीत पटेल पिता रामसिंह ने अपने घर में गमछा से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्कूलपारा अंतागढ़ निवासी रामसिंह पटेल ने पुलिस को बताया कि अजीत ने 21 अप्रैल को सुबह करीबन साढ़े 5 बजें अपने कमरे में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

**निधन**

### हरिशंकर साहू



**सिर्री।** ग्राम संकरी निवासी हरिशंकर साहू 45 वर्ष का 22 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे प्राथमिक शाला चिंवरी में शिक्षक के रूप में पदस्थ थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजनों, ग्रामीणों सहित समाजजनों की भीड़ रही।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने की करवाई

# पैरी नदी से रेत का उत्खनन, चेन माउंटेन जब्त



**पैरी नदी में रात्रि में चोरी-छिपे रेत की अवैध खुदाई का कारोबार फलफूल रहा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासन-प्रशासन के नियम कानून को ताक पर रखकर रेत का उत्खनन हो रहा है। कार्रवाई नहीं होने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। पैरी नदी में रात्रि में चोरी-छिपे रेत की अवैध खुदाई करने का कारोबार फल फूल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पैरी नदी पर चेन माउंटेन मशीन लगाकर रेत माफिया गहरी खुदाई कर ग्राम खिसोरा से गरियाबंद जिला में रेत का अवैध परिवहन कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर जिला खनिज विभाग ने दुष्यंत ध्रुव के चेन माउंटेन को जब्त किया है। इंजन नंबर 8457 6321 है। जब्त चेन माउंटेन को खिसोरा के सचिव, सरपंच के सुपुर्द किया गया है। ग्राम पंचायत खिसोरा क्षेत्र के समीप पैरी नदी से रेत माफिया रात में चेन माउंटेन लगाकर हाइवा से चोरी कर रहे थे। इसकी शिकायत सरपंच राखी साहू एवं ग्रामवासियों ने कलेक्टर से की थी। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने यह करवाई की है।

इसी तरह खिसोरा ग्राम पंचायत से लगे ग्राम पंचायत डूमरपाली में प्रतिदिन दिनदहाड़े सैकड़ों ट्रैक्टर द्वारा अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। माफिया द्वारा प्रति ट्रैक्टर ट्राली 14 से 1500 में रेत बेची जा रही है।

नाम न छापने की शर्त पर कुछ ट्रैक्टर चालकों ने बताया कि ग्रामीण समिति प्रति ट्राली 300 रूपए रॉयल्टी लेकर रेत बेचती है। पंचायत व ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी रेत माफियाओं पर कोई कारवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं एवं खुलेआम रेत की कालाबाजारी की जा रही है।

# पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



- साहू सदन में पोषण पखवाड़ा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

साहू सदन नगरी में महिला एवं बाल विकास विभाग, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, मोबाइल क्रेचेस, लोक आस्था संस्थान द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें एनीमिया मुक्ति, कुपोषण मुक्ति, सुनहरे 1000 दिवस, बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। पोषण पखवाड़ा रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा थे। अध्यक्षता महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ने की। विशिष्ट अतिथि बलजीत छाबड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, विकास बोहरा उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, भुनेश्वरी धृतलहरे सभापति महिला एवं बाल विकास, अलका साव सभापति नगर पंचायत नगरी, पार्षदगण आसकरण पटेल, राजा पवार उपस्थित थे।

# एनआरसी के नवीन भवन का शुभारंभ

- मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया विस्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की विशेष पहल पर मगरलोड विकासखंड में राष्ट्रीय पोषण पुनर्वास केंद्र के नवीन भवन का शुभारंभ किया गया। अब से एनआरसी का संचालन इसी नवीन भवन से किया जाएगा, जिसमें 10 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड विरेंद्र कुमार साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीलेश साहू, डागेश्वर सोनकर पूर्व जनपद सदस्य, होरीलाल साहू पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, पार्षद सुरेश साहू, यादराम गायकवाड़, रतनू, स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शारदा ठाकुर, बीपीएम मनोज पटेल, बीईटीओ शील कुमार दावना, सुपरवाइजर सहित स्वास्थ्य कर्मी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नवीन एनआरसी भवन में माताओं और बच्चों के लिए आवश्यक देखभाल, पोषण, उपचार, स्वच्छता और विश्राम की सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। बच्चों की निगरानी एवं माताओं को पोषण संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कलेक्टर श्री मिश्रा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में कुपोषण की रोकथाम एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# अग्निवीर में क्षेत्र के तीन युवाओं का चयन

- शौर्य क्रीड़ा क्लब ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शौर्य क्रीड़ा क्लब से प्रशिक्षण लेने वाले क्षेत्र के नवयुवकों का चयन भारतीय सेना अग्निवीर में हुआ है। चुनेश्वर साहू पिता रामूराम साहू ग्राम कुंडेल, समीर ठाकुर पिता कृपाल सिंह ठाकुर ग्राम कुंडेल, युवराज साहू पिता भुनेश्वर साहू ग्राम बेलौदी का चयन भारतीय सेना अग्निवीर में हुआ है। शौर्य क्रीडा क्लब ग्राम कुण्डेल मधुबन में पिछले लगभग 20 वर्षों से क्षेत्र के युवक युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देते आ रहा है। क्लब से अब तक सेना, पुलिस, अदर्ध सैनिक बल में 65 युवा- युवतियों का चयन देश सेवा के लिए हो चुका है। शौर्य क्रीड़ा क्लब के सदस्यों ने चयनित जवानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र साहू पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष थे। अध्यक्षता कौशल साहू सरपंच प्रतिनिधि ने की। अन्य अतिथि टेमन सेन, जगदीश यादव, कामता साहू, सुरेश निषाद, शिवदयाल निषाद, आर्मी जवान लोकेश निषाद, लीलेश यादव, किशन लाल ध्रुव, संजय नेताम, दीनदयाल दीवान, ढालूराम साहू थे। मौके पर प्रशिक्षक घनश्याम ध्रुव, प्रशिक्षक हेमंत साहू, मुरलीधर निषाद, ऋषभ साहू, चुनेश्वर, पार्वती, आरती मौजूद थे।

# मानसगान में गोजी एवं फरसियां प्रथम

**धूमा में आयोजित मानसगान में अंचल की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने लिया भाग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम धूमा में श्रीराम मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान एवं कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में गुरुदेव उमेशानंद गिरी तारिणी शक्तिपीठ गुरुभाठा का आशीर्वचन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने भाग लिया। प्रथम मधु मारुति मंडली गोजी, द्वितीय सत्संग सरिता मानस मंडली हसदा नम्बर 1, तृतीय झलकत मोंगरा मानस मंडली चारभाठा, चतुर्थ आदर्श मानस मंडली रक्से कवर्धा, पंचम स्थान पर शांता सुखाय मानस मंडली छुईहा की मंडली रही। व्याख्या में मानस मंडली गातापार, संगीत में मानस मंडली माकड़ी, वेशभूषा में राम रुचि मानस मंडली मठपुरैना, अनुशासन में मानस मंडली रामाटोला ने मारी बाजी। महिला वर्ग में प्रथम कर्मा मानस मंडली फरसियां, द्वितीय वंदना मानस मंडली पड़कीभाट, तृतीय हरिओम मानस मंडली भगवान भाठागांव, चतुर्थ प्रेरणा मानस मंडली कुसुमपानी, पंचम जय लक्ष्मी मानस मंडली कुल्हाड़ी रही। व्याख्या में बस्तरहिन मानस मंडली हाराडुला, संगीत में उत्कल भारतीय मानस मंडली, अनुशासन स्वरागिनी बालिका मानस मंडली डामापुर , वेशभूषा में जय शारदा मानस मंडली सोनाखान ने अपनी जगह बनाई। मंच का संचालन हेमलाल साहू एवं केवल साहू ने किया। इस कार्यक्रम में केवल साहू, ओंकार प्रसाद साहू चमन साहू, दिलीप साहू, मोहनलाल यादव, रामजी साहू, राजकुमार साहू, जगतराम, भुनेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, डेरहाराम साहू, बहुर राम साहू, ललतू राम, हेमलाल, दीनदयाल, उमेश कुमार, डिलेश्वर साहू, वेणुगोपाल, लक्ष्मण साहू, घना, सेवाराम, भागवत, राजू, हेमंत, रामप्रसाद, केवलराम, धनी, बिसंभर, सोहन, फूलचंद, लक्की, राधे, दौलत, चुमन साहू , महेश, नकुल साहू, नरेश कुमार, धर्मेन्द्र का सहयोग रहा।

## कुर्रा में भामाशाह जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटीधाम कोसमर्रा एवं ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन समारोह ग्राम कुर्रा में 25 अप्रैल को रखा गया है।



शोभायात्रा कर्मा मंदिर कुर्रा से प्रारंभ होकर गली भ्रमण दोपहर 1 बजे से करेगी। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी होंगे। अध्यक्षता रामचंद्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटीधाम कोसमर्रा करेंगे। विशेष अतिथि तोरणलाल साहू, केकती साहू, कामता प्रसाद साहू, मीलूराम साहू, दमयंतीन साहू, सुशीला साहू, गोपीकिशन साहू, ओमेश्वरी साहू, सोमनाथ साहू होंगे।

# कलेक्टर को भेंट की आपदा प्रबंधन पर संपादित पुस्तक

- धमतरी की शिक्षिका का भी लेख पुस्तक में शामिल, कलेक्टर ने की सराहना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को स्थानीय शिक्षिका श्रीमती प्रीति शांडिल्य ने आपदा प्रबंधन एवं बचाव पर संपादित पुस्तिका की प्रति भेंट की। इस पुस्तिका का संपादन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के. शारदा ने किया है। पुस्तक में प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से संबंधित जानकारियां, सुरक्षा के उपाय और आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले व्यवहारिक प्रयासों को सरल भाषा में समझाया गया है। इस पुस्तक में धमतरी जिले में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती प्रीति शांडिल्य ने भी लेख लिखा है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आपदा प्रबंधन पर धमतरी जिले की शिक्षिका के लेखन की सराहना की। उन्होंने इस पुस्तक को छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन विषय पर जागरूकता बढ़ाने वाला प्रयास बताया। उल्लेखनीय है कि आपदा प्रबंधन एवं बचाव शीर्षक वाली पुस्तिका छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों द्वारा लिखे लेखों का संपादन कर प्रकाशित की गई है। इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं। वीडियो न केवल पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं, बल्कि उनमें एनिमेशन, रीयल-लाइफ उदाहरण और मॉकड्रिल भी शामिल हैं, जो बच्चों की समझ को और गहरा बनाते हैं। इसके अतिरिक्त यह पुस्तक दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें। यह संसाधन सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग (विशेष रूप से दृष्टिबाधित) विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

### अग्निशमन विभाग द्वारा 16 सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

# आग पर काबू पाने मोबाइल क्रैचेस ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





जिला मुख्यालय धमतरी स्थित अग्निशमन कार्यालय में मोबाइल क्रैचेस की टीम ने अग्निशमन यंत्र के प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला अग्निशमन एवं नगर सेना की कमांडेंट शोभा ठाकुर के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में मोबाइल क्रैचेस संस्था नगरी की 16 सदस्य टीम ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग से सितेश पवार, देवेंद्र साहू, भरत ठाकुर ने जानकारी दी कि इलेक्ट्रिक आग के नियंत्रण के लिए पानी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, वहीं बड़ा स्तर पर आग लगने पर पानी का प्रयोग फायर ब्रिगेड सिस्टम के माध्यम से किया जाता है। जंगल की आग बुझाने के लिए कैनवास सिस्टम का भी इस्तेमाल किया जाता है।

आग बुझाने के लिए हाइड्रेन रेड और लाइन डिस्कनेक्ट करने के लिए फायर एक्स यंत्र का इस्तेमाल किया जाता है। अग्निशमन विभाग के माध्यम से चार प्रकार की आपदा के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाता है जिसके तहत लकड़ी, कोयला, गद्दा, रुई प्लास्टिक में लगी आग के लिए वाटर यंत्र का इस्तेमाल किया जाता है। लिक्विड, फाइबर, पेट्रोल, डीजल आदि से लगी आग के लिए फोम यंत्र का इस्तेमाल किया जाता है। मीथेन गैस, सीएनजी गैस से संबंधित आग को नियंत्रित करने के लिए सीओटू यंत्र का इस्तेमाल किया जाता है। छोटी आग के लिए डीसीपी यंत्र का इस्तेमाल किया जाता है। आग को नियंत्रण करते समय काफी सावधानियां बरती जाती हैं। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रायोगिक जानकारी प्राप्त की। यंत्रों का उपयोग कर किस तरह से आग पर काबू किया जा सकता है, प्रत्यक्ष रूप से करके दिखाया गया।

इस अवसर पर नगर सेना के प्रभारी चंद्रकांत चंद्राकर, अग्निशमन वाहन के प्रभारी भगवान दास टंडन, फायरमेन राजेश हिरवानी, चालक दिलीप निषाद, अरुण यादव, चंद्रकांत कुर्रे, मोबाइल क्रैचेस संस्था से श्याम सिंह, मुकेश कुमार वर्मा, दीपक गोस्वामी, खुलेश साहू, सरोज पटेल, उपेंद्र साहू, सोनिका देवांगन, सतरूपा कड़ियाम, लोकेश्वर साहू, धनंजय साहू, मंजुलता साहू, दीप्ति साहू, पल्लवी ध्रुव, खुशबू साहू, तामेश्वरी साहू, तेज बघेल उपस्थित थे।


# बोड़रा हाईस्कूल में हुआ समर कैंप का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय हाई स्कूल बोड़रा में समर कैंप का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज चयन परीक्षा, प्रयास विद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए समर कैंप का आयोजन 1 से 15 अप्रैल तक हुआ। विद्यालय में अध्यनरत 25-30 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आ रहे थे। संस्था के प्राचार्य श्याम सुंदर साहू ने बताया कि यह आयोजन पिछले वर्ष से शुरू हुआ है और आगे हर वर्ष जारी रहेगा। कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि जागृत करनी है ताकि आने वाले समय में नीट और जीईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने मनः स्थिति बनी रहे। कैंप में रिजनिंग के सवालों को अभ्यास कराया गया। बच्चों को कविता, लेखन के बारे में जानकारी दी गई। कैंप में विद्यालय के व्याख्याता एचके बंसोड़, केके साहू, टीके साहू, केएल साहू और डीके साहू का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### सड़क पार कर रहे व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 चारामा के पास सड़क पार कर रहें एक व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। टक्कर से राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को ईलाज के लिए चारामा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की शिकायत घायल की पत्नी ने चारामा थाना में शिकायत किया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंची ग्राम शीतलापारा चारामा निवासी किरण ओझा ने पुलिस को बताया कि कुली मजदूरी का काम करती हूं। मेरे पति गोविंद ओझा पेंटर का काम करता है। 19 अप्रैल को करीबन शाम 8 बजे मेरी बेटी तानिया ओझा जो मेडिकल स्टोर्स में काम करती है, उससे मोबाइल लेने जा रहे थे। वासु दुकान के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को पार कर रहे थे। उसी समय कांकेर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स 9400 के चालक ने अपनी कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे पति को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे पति रोड में गिर गया। गिरने से उनके सिर, चेहरा एवं शरीर में अंदरूनी चोट लगा। ईलाज के लिए चारामा अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज कराने में व्यस्त होने से थाना रिपोर्ट लिखाने देरी हुई। सड़क दुर्घटना को आसपास में मौजूद लोगो ने देखा है।

### मंदिर में तेल-हल्दी चढ़ाने की बात को लेकर मारपीट



**भानुप्रतापपुर।** पिच्चेकट्टा में शादी कार्यक्रम के दौरान घर के मंदिर में तेल हल्दी चढ़ाने की बात को लेकर परिवारिक विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे मारपीट में बदल गया। मारपीट के शिकार हुए ग्रामीण ने इसकी शिकायत थाना में किया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पिच्चेकट्टा निवासी 64 वर्षीय दीनदयाल नरेटी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 21 अप्रैल को भतीजा रामप्रसाद नरेटी की बेटी माधुरी नरेटी का शादी था। शादी में घर के मंदिर में तेल व हल्दी चढ़ाने के लिए आये थे। मंदिर में तेल व हल्दी चढ़ाने की बात को लेकर मेरे भाई मयाराम नरेटी, दयाराम नरेटी, भतीजा रामप्रसाद नरेटी, देवलाल नरेटी के द्वारा घर के देवता मंदिर के सामने सभी ने एक राय होकर गाली दिया व जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व लात से मारपीट करने लगे।

### जंगल की ओर युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत गुमडी निवासी 22 वर्षीय लच्छन आंचना ने अज्ञात कारणों के चलते 20 अप्रैल को सुबह साढ़े 8 बजे जंगल की ओर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परतापुर निवासी 55 वर्षीय सोनू राम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने ग्राम गुमडी के जंगल की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक ने आत्महत्या क्यों किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### आक्रोशित वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन, मांगी सुविधाएं, हरिभूमि ने पूर्व में भी उठाई थी मांग

# सामुदायिक भवन तो बना दिया पर रास्ता, बिजली, पानी ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सदरदक्षिण वार्ड में नगर निगम द्वारा सामुदायिक भवन तो बना दिया गया लेकिन वहां पर न तो पहुंचने के लिए रास्ता है और न ही भवन में बिजली, पानी की व्यवस्था। आक्रोशित वार्डवासी भवन के पास पहुंचे और तत्काल सुविधा दिलाने की मांग की। सूचना पर महापौर, प्रभारी सदस्य, पार्षद, निगम की टीम पहुंची और सभी सुविधा देने का वादा किया।

ज्ञात हो कि पूर्व कांग्रेस शासनकाल में सदर दक्षिण वार्ड में मराठा मंगल भवन के पीछे लगभग 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। लंबे समय बीत जाने के बाद भी इसका उपयोग नहीं हो रहा है। वार्डवासियों ने मंगलवार को भवन के पास पहुंचकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर सदर दक्षिण वार्ड पार्षद अनीता अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी सदस्य नीलेश लुनिया मौके पर पहुंचे। इसके बाद महापौर रामू रोहरा, उपायुक्त पीसी सार्वा, पटवारी और नगर निगम की टीम भी पहुंच गई। वार्डवासियों ने बताया कि इस भवन के निर्माण को दो वर्ष हो चुका है। पूरा नहीं होने बावजूद आनन-फानन में इसका उद्घाटन भी कर दिया गया था। लेकिन भवन का उपयोग ही नहीं हो रहा है। इस सामुदायिक भवन में पहुंचने के लिए रास्ता ही नहीं है। भवन में बिजली के उपकरण तो लगे हैं लेकिन सप्लाई नहीं है। बोर की खुदाई जरूर हुई है लेकिन पंप नहीं लगा है। लाखों की लागत से बने भवन का वार्डवासी उपयो नहीं कर पा रहे हैं। मौके पर भागवत यादव, भुवन यादव, रामू नामदेव, महावीर पेंदरिया, नीलेश राजा, द्वारिका ध्रुव, संजय कौशिक, राजकुमार, दीपक ध्रुव, संतोष ढीमर, मनीष यादव, राजू राव, सुभाष चंद्राकर समेत अन्य मौजूद थे।



#### सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि भवन बनने के बाद रास्ता ही नहीं था। तहकीकात करने के बाद रास्ता भी निकल आया जिसे कब्जा हटाकर चालू कर दिया जाएगा। बाकी सुविधाएं भी भवन में कुछ ही दिनों में उपलब्ध हो जाएंगी।

#### रास्ता क्लियर कराया जाएगा

स्वास्थ्य विभाग प्रभारी सदस्य नीलेश लुनिया ने बताया कि निगम द्वारा बनाए गए इस सामुद्मयिक भवन में आने के लिए रास्ता ही नहीं है। पहले जो रास्ता चिन्हांकित किया गया था, उस व्यक्ति ने रास्ता देने से मना कर दिया। लाइट, बिजली, पानी नहीं है। पहले के कार्यकाल में भर्राशाही काम हुआ है। कब्जा को हटाकर रास्ता क्लियर कराया जाएगा। दो-तीन दिनों के अंदर मीटर भी लग जाएगा। लाइट चालू होते ही बोर में मोटर लगा दिया जाएगा।

## मानिकपुरी पनिका समाज के रोहित अध्यक्ष व सुनील सचिव बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानिकपुरी पनिका समाज जिला धमतरी का चुनाव 20 अप्रैल रविवार को जिले के धार्मिक स्थल डोंगा पथरा में हुआ। चुनाव की सभी प्रक्रिया निर्वाचन नियमानुसार नामांकन फार्म भरवाकर और समाज के मतदाताओं द्वारा मतदान करवाकर की गई। चुनाव में अध्यक्ष ग्राम साल्हेभाट निवासी रोहित दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष ग्राम बोड़रा निवासी अरुण दास मानिकपुरी, सचिव सुनील दास मानिकपुरी सिहावा, कोषाध्यक्ष मानदास मानिकपुरी ग्राम सिंधौरी और सहसचिव ग्राम कातलबोड़ निवासी शत्रुहन दास मानिकपुरी चुने गए। वहीं संरक्षक ग्राम गेंदरा निवासी कोमल दास मानिकपुरी और तेव दास मानिकपुरी को बनाया गया। इस चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में निर्वाचन अधिकारी चतुरदास, लीलेश्वर दास और तेवदास की मुख्य भूमिका रही। इस चुनाव में जिले के सभी परिक्षेत्र सिहावा, कुरुद, सलोनी, सिधौंरी, मोहंदी के समाजजन उपस्थित थे।

## एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों का अग्निवीर में चयन



- परिजनों ने फूलमाला पहनाकर ट्रेनिंग के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम जोरातराई (सी) के एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों का अग्निवीर में जीडी आरक्षक व तकनीकी सहायक के पद पर चयन हुआ है। परिजनों ने एक सादा कार्यक्रम आयोजित कर दोनों भाइयों को ट्रेनिगं के लिए फूलमाला पहनाकर विदा किया।

विगत माह धमतरी जिले में हुई अग्निवीर भर्ती में ग्राम जोरातराई (सी) के मोहित पिता बीरबल साहू, माता खिलेश्वरी साहू एवं भगवानी राम पिता बिसौहा राम, माता रामबाई साहू का तकनीकी सहायक एवं आरक्षक जीडी के पद पर चयन हुआ है। जिन्हें सोमवार को परिजनों ने गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एक सादा कार्यक्रम आयोजित कर भगवानी को बैंगलोर एवं मोहित कुमार को गोवा में ट्रेनिंग के लिए रवाना किया।

एक ही परिवार के दो भाइयों का अग्निवीर में चयन होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता चोवाराम गंजीर ने कहा कि यह पहली बार है, जब एक परिवार के दो सदस्य अग्निवीर बन रहे हैं। इनके अग्निवीर बनने से आसपास के युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच सविता गंजीर, उमेंदी साहू, अशोक साहू, हुलास साहू, घनाराम साहू, चैती बाई साहू, टेमन लाल, होकेश साहू के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## स्वयंसेवकों ने पृथ्वी को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प



- पीजी कालेज में पृथ्वी दिवस मनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसका थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह रहा। स्वयंसेवकों ने पृथ्वी को स्वच्छ रखने, पशुओं की देखभाल करने एवं पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प लिया। पृथ्वी दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर्णा शर्मा ने कहा कि पुनर्चक्रण, कटौती और पुनः उपयोग करके पृथ्वी को बचाने में मदद कर सकते है। संकेत कुमार ने वातावरण में बढ़ रहे कार्बन डाई आक्साइड की हानियों से अवगत कराया। महिमा मसीह ने कहा कि मानव को अपनी शक्ति के लिये भोजन की आवश्यकता होती है ठीक वैसे ही हमारी धरती को शक्ति के लिये प्रदूषण मुक्त वातावरण की जरूरत है। परमानंद ने कहा कि वनों की कटाई को रोकना अति आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण संसाधनों की बचत एवं उचित उपयोग तथा पौधरोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाये रखना है जिसमें मानवों और पशुओं का जीवनयापन हो सके।

## पचपेड़ी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोर्रा (भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में शिक्षा सत्र 2024-25 का स्थानीय परीक्षा परिणाम शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश राम साहू, विनय कुमार साहू सरपंच, सतीश जैन जनपद उपाध्यक्ष कुरूद, सदस्य संतोष यादव, मोहरसिंह साहू, गुलजारराम साहू, राकेश पटेल उपसरपंच, भगवती राम साहू, नारदराम साहू एवं आनंद विश्वकर्मा की उपस्थिति में घोषित किया गया। अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में परिश्रम के महत्व को बताया। असफलता को सफलता की कुंजी बताते हुए परिश्रम कर अपना तथा माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करने की बात कही।

## सलोनी स्कूल का स्थानीय परीक्षाफल घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शाउमावि सलोनी में नवमी एवं ग्यारहवीं के वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा सरपंच श्रीमती रोमी ध्रुव, पूर्व सरपंच नरेश दीवान एवं तुकाराम साहू की उपस्थिति में प्राचार्य आरके गुप्ता एवं परीक्षा प्रभारी निम्बालकर ने की। कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 66 प्रतिशत रहा है, जिसमें प्रथम रितु साहू, द्वितीय नम्रता तथा तृतीय नरेंद्र कुमार रहे। ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा है। विज्ञान संकाय में यशकुमार प्रथम, गणिका द्वितीय तथा तृतीय नामिका रही। वाणिज्य संकाय में डोमेंद्र माला निषाद द्वितीय तथा रोशनी तृतीय रही। कला संकाय में ओमेश्वरी प्रथम, टोमिन द्वितीय तथा लीलेश्वरी तृतीय रही। इस अवसर पर जीएस साहू, एनआर साहू, श्रीमती एसएस साहू, हरीश साहू, पीके यादव, त्रिलोक साहू, श्री जगने, ओपी साहू, सीएल चंद्राकर, हेमंत साहू, रैनो सहित विद्यालय परिवार उपस्थित था। आभार प्रदर्शन विरेंद्र कुमार श्रीवास ने किया।

## दादी जी का योगयुक्त जीवन सबके किए प्रेरणादायी : भावना

**नगरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नगरी द्वारा राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बीके नगरी की संचालिका भावना ने कहा कि दादी यज्ञ का आधार स्तंभ थी। उनका योगयुक्त जीवन सबके किए प्रेरणादायी है। दादी जी निरंतर शिव बाबा की याद में रहती थी जिससे उनका जीवन हजारों लोगों के लिए तपस्या की एक मिसाल बन गई। दादीजी यज्ञ के प्रति वफादार कर्मठ तथा एकानामी की अवतार थीं। दादी जी का जन्म 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद में हुआ था। महज 13 वर्ष की आयु में वर्ष 1937 में ब्रम्हाकुमारीज के संपर्क में आ गई थी।

## जिले में मोदी की एक और गारंटी होगी पूरी

- जिले की 193 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल से शुरू होंगी डिजिटल सेवाएं
- नगद भुगतान सहित अन्य सरकारी योजनाओं का ग्राम पंचायतों में ही मिल सकेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर जिले में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। 24 अप्रैल को जिले की 193 ग्राम पंचायतों में नकद भुगतान सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र शुरू होंगे। इसके लिए राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में पहले चरण में प्रत्येक विकासखण्ड की दस-दस ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुविधा केन्द्र शुरू करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं से एमओयू किया गया है।

इन डिजिटल सुविधा केन्द्रों के शुरू होने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा देने की गारंटी भी पूरी हो जाएगी। पूरे प्रदेश की तरह धमतरी जिले में भी 24 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत राज दिवस मनाया जाएगा। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्रों की शुरूआत के पहले चरण में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड की 10-10 ग्राम पंचायतों में सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच एमओयू होगा।

इस पंचायती राज दिवस के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नागरिकों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाईन जुड़ेंगे। ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुविधा केन्द्रों से ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से राशि निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में राशि ट्रांसफर कर सकेंगे। अब ग्रामीण अपनी ग्राम पंचायत में ही बिजली-पानी का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। ग्रामीणों को पेंशन और बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपनी ग्राम पंचायतों में ही मिल सकेगा। ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुविधा केन्द्रों के शुरू हो जाने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए विकासखण्ड या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

#### पहले चरण में 40 पंचायतों में शुरू होंगे डिजिटल सुविधा केन्द्र

विकासखण्ड धमतरी के अकलाडोंगरी, अछोटा, सोरम, चिखली, उड़ेना, नवागांव-कंडेल, परेवाडीह, कलारतराई, भोथली, पीपरछेड़ी (डी), विकासखण्ड कुरूद के अंवरी, परखंदा, मरौद, भैंसबोड़, ईर्रा, बगौद, सेलदीप, कोकड़ी-नारी, चटौद, भेण्डरा, मगरलोड विकासखण्ड के चन्द्रसूर, बड़ी करेली, मोहरेंगा, खिसोरा, धौराभाठा, बुड़ेनी, मोतिमपुर, हसदा, मोहंदी, परेवाडीह, नगरी विकासखण्ड के बोराई, गुहाननाला, टांगापानी, चनागांव, घटुला, भीतररास, कांटाकुर्रीडीह, ठेनही, गढ़डोंगरी, सिहावा में डिजिटल सुविधा केन्द्र शुरू होंगे।

#### ग्राम सभाओं में लिया जायेगा जल संरक्षण का संकल्प

पंचायती राज दिवस के दिन आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीण जल संरक्षण के लिए संकल्प लेंगे। ग्राम सभाओं में गांव के हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का संकल्प लिया जाएगा। इसके साथ ही गांव में पानी का अपव्यय रोकने के लिए जनजागरूकता चलाने, कुएं, बावरी, तालाबों जैसे पारम्परिक जलस्त्रोंतों की साफ-सफाई और संरक्षण करने, पानी को बचाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी ग्रामीण लेंगे।

## महिला स्व-सहायता समूह को लाभान्वित करने कार्यशाला शुरू

- 29 अप्रैल तक धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी के कलस्टर, संकुल में लगेगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिले के महिला संकुल संगठनों में चिन्हांकित एवं संभावित (लखपति दीदी) महिला स्व-सहायता समूह सदस्यों को विभागीय अभिसरण के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़कर लाभान्वित किये जाने संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह कार्यशाला 29 अप्रैल तक जनपद पंचायत धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी के विभिन्न क्लस्टर-संकुल में जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में होगी।

विकासखंड धमतरी में 22 अप्रैल को सद्भावना महिला क्लस्टर दोनर, ठेठवार यादव भवन ग्राम देवपुर में, विकासखंड कुरूद में नई दिशा महिला क्लस्टर संगठन सिर्री अटल समरसता भवन कोड़ेबोड़ नोडल अधिकारी नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत विभाग, श्रीमती कीर्ति मोहन साहू सहायक परियोजना अधिकारी की मौजूदगी में कार्यशाला हुई। 23 अप्रैल को विकासखंड धमतरी आश्रय महिला क्लस्टर देमार सामुदायिक भवन मुजगहन, नोडल अधिकारी श्रीमती कीर्ति मोहन साहू सहायक परियोजना अधिकरी, रतनलाल लंझियाना सहायक सांख्यिकी अधिकारी विकासखंड कुरूद में विकास महिला संगठन कोर्रा सीएलएफ भवन हंचलपुर नोडल अधिकारी अनुराग मिश्रा डीपीएम, प्रताप नारायण समन्वयक पी.एम.ए.वाय.जी. विकासखंड मगरलोड में सद्भावना महिला क्लस्टर मोहंदी पुराना पंचायत भवन बेलोरा नोडल अधिकारी चेतन ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी, जय वर्मा डीपीएम, विकासखंड नगरी में बहिनी शक्ति संकुल सांकरा रीपा भवन सांकरा नोडल अधिकारी नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत विभाग, रविन्द्र वर्मा जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, 24 अप्रैल को विकासखंड धमतरी में आंचल महिला क्लस्टर संबलपुर ग्राम पंचायत भवन संबलपुर नोडल अधिकारी श्रीमती कीर्ति मोहन साहू सहायक परियोजना अधिकारी, रतन लाल लंझियाना सहायक सांख्यिकी अधिकारी, विकासखंड कुरूद में देवी महिला क्लस्टर चर्रा अटल समरसता भवन चर्रा नोडल अधिकारी नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत विभाग, चेतन ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी, विकासखंड मगरलोड में अनंतदीप महिला क्लस्टर भरदा सामुदायिक भवन भरदा नोडल अधिकारी धरम सिंह सहायक परियोजना अधिकारी, जय वर्मा डी.पी.एम., विकासखंड नगरी में दिव्य शक्ति महिला संकुल बेलरगांव निषाद भवन बेलरगांव नोडल अधिकारी रविन्द्र वर्मा जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रताप नारायण समन्वयक पीएमएवायजी, 25 अप्रैल को विकासखंड धमतरी में सार्थक महिला क्लस्टर रूद्री सामुदायिक भवन रूद्री, नोडल अधिकारी श्रीमती कीर्ति मोहन साहू सहायक परियोजना अधिकारी, रतन लाल लंझियाना सहायक सांख्यिकी अधिकारी, विकासखंड कुरूद में निर्मल महिला क्लस्टर संगठन जी-जामगांव ग्राम संगठन भवन बिरेझर नोडल अधिकारी श्री नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत विभाग, चेतन ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी विकासखंड मगरलोड में आस्था महिला संगठन करेलीबड़ी सहेली भवन करेलीबड़ी नोडल अधिकारी धरम सिंह सहायक परियोजना अधिकारी, जय वर्मा डीपीएम, विकासखंड नगरी में एकता महिला संगठन कुकरेल क्लस्टर भवन कुकरेल नोडल अधिकारी रविन्द्र वर्मा जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रताप नारायण समन्वयक पीएमएवायजी, 26 अप्रैल को विकासखंड मगरलोड में जय मां बंजारी महिला क्लस्टर संगठन सिंगपुर क्लस्टर भवन सिंगपुर नोडल अधिकारी नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत विभाग, चेतन ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी, 28 अप्रैल को विकाखंड नगरी के मातृशक्ति संकुल दुगली क्लस्टर भवन गुहाननाला नोडल अधिकारी श्रीमती कीर्ति मोहन साहू सहायक परियोजना अधिकारी, रतन लाल लंझियाना सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 29 अप्रैल को महिला शक्ति संकुल गट्टासिल्ली वनधन केन्द्र बिरगुड़ी नोडल अधिकारी श्रीमती कीर्ति मोहन साहू सहायक परियोजना अधिकारी, जय वर्मा डी.पी.एम. होंगे।

## नगर पंचायत भखारा में पेयजल के लिए टैंकर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

पेयजल के लिए टैंकर एवं सफाई हेतु नालामेन का लोकार्पण नगर पंचायत भखारा के वरिष्ठ नागरिक मेहतर राम साहू, सूरज साहू पेंटर ने किया। मौके पर अध्यक्ष ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण डुमेंद्र गैंगबेल, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, अविनाश गौर, भानु गायकवाड़, परदेशी कंवर, जितेंद्र साहू, शोभा साहू, कमलेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## डा. अंबेडकर संविधान सभा के सभी सदस्यों में सर्वाधिक शिक्षित एवं योग्य थे : अजय

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा : जगन्नाथ





### सामाजिक सह समरसता संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज धमतरी

जिला भाजपा द्वारा मंगलवार को स्थानीय जैन स्थानक भवन में सामाजिक सह समरसता संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें जिले के पिछड़े , दलित समाज के प्रतिनिधि एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम ढाई घंटा चला। मुख्य वक्ता कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि संविधान सभा के सभी सदस्यों में सबसे ज्यादा शिक्षित व योग्य डा. अंबेडकर थे। कांग्रेस ने अंबेडकर जी को संविधान सभा से दूर रखने का प्रयास किया। बाधाओं के बीच डा. अंबेडकर को अंततः संविधान सभा में लिया गया। उन्होंने देश को समानता और समरसता की राह दिखाई। उन्होंने गरीब, दलित, पिछड़ों को शिक्षित होने का आह्वान किया। शिक्षा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। अंबेडकर जी जिस चुनाव में 14 हजार मतों से पराजित हुए थे, उसमें 70 हजार मतों को रिजेक्ट किया गया था ताकि अंबेडकर जी चुनाव हार जाए। कांग्रेस का यह पहला चुनावी घोटाला था।

रायपुर संभाग सहप्रभारी भाजपा जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि कांग्रेस डा. अंबेडकर की क्षमता से अच्छी तरह वाकिफ थी। कांग्रेस ने डा. अंबेडकर को संसद एवं संविधान सभा में पहुंचने से रोका था। तमाम अड़चनें पैदा की, लेकिन रोकने में असफल रहे। कांग्रेस ने डा. अंबेडकर के खिलाफ लगातार साजिश रची। कांग्रेस डा. अंबेडकर का नाम सिर्फ वोट बैंक के लिए करती रही। चार दशक तक डा. अंबेडकर को कोई सम्मान नहीं दिया गया। उन्हें भारतरत्न भाजपा के समर्थन वाले जनता दल की सरकार ने दिया। भाजपा ने डा. अंबेडकर की जन्मस्थली, कार्यस्थली को पूज्यनीय बनाते हुए उनके नाम से पंचतीर्थ की स्थापना कराई।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि डा. अंबेडकर जी ने देश को संविधान दिया, जिसकी बदौलत देश की जनता सुरक्षित व शिक्षित है। भेदभाव, छुआछूत, कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पखवाड़ा भर चला यह कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम का संचालन विजय साहू ने किया। कार्यक्रम में पचास से अधिक सामाजिक बंधुओं का सम्मान गमछा, श्रीफल देकर किया गया। कविंद्र जैन ने कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, निर्मल बरडिया, शशि पवार, महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे, जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, गौकरण साहू, कौशिल्या देवांगन, ज्योति चंद्राकर, ज्योति साहू, ज्योति जैन, बलजीत छाबड़ा, अंगिरा ध्रुव, विरेंद्र साहू, गीतेश्वरी साहू, महेश गोटा, श्यामा साहू, नरेश सिन्हा, चेतन हिन्दूजा, भानु चंद्राकर, प्रेमलता नागवंशी, अकबर कश्यप, विजय साहू, मोहन नाहटा, हीरालाल साहू, वामन साहू, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, बीथिका विश्वास, रोहिताश मिश्रा, राजेश गोलछा, ललित मानेक, पवन गजपाल, अमन राव, मिश्रा पटेल, विनय जैन, मोनिका देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले की प्राथमिक शालाओं में पढ़ाई तिहार 25 को

- कलेक्टर ने पढ़ाई तिहार में शामिल होने माताओं से की अपील

हरिभूमि न्यूज धमतरी

स्कूल जाने से पहले और प्राथमिक शालाओं के छोटे बच्चों में पढ़ाई-लिखाई की समझ विकसित करने और आसपास मौजूद चीजों से उनका बौद्धिक तथा भाषाई विकास करने के लिए जिले में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 25 अप्रैल को जिले की सभी प्राथमिक शालाओं में पढ़ाई तिहार का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी आमजनों विशेषकर छोटे बच्चों की माताओं से इस तिहार में शामिल होने की अपील की है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सम्पूर्ण विकास और स्कूल जाने से पहले आनंदमय माहौल में तैयारी तथा खेलकूद से शिक्षा देना है। इस अभियान से छोटे बच्चों की माताओं को भी जोड़ा गया है। माताओं को अभियान से जोड़कर बच्चों को घर पर पढ़ाना, उन्हें भाषाई ज्ञान के साथ साथ सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक गतिविधियों की जानकारी दी जायेगी। पिछले चार साल से संचालित इस कार्यक्रम को शासकीय स्तर पर भी स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया है।

# महापौर ने वितरित किया जन्म प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार 2025 अभियान अब अपने दूसरे चरण में जोर पकड़ चुका है। नगर निगम धमतरी क्षेत्र अंतर्गत हितग्राही मोहम्मद दानिश खान निवासी रिसाईपारा वार्ड एवं दीपांजलि चंद्रवंशी निवासी सोरिद वार्ड धमतरी ने जन्म प्रमाण-पत्र बनाने आवेदन प्रस्तुत किया था। सुशासन तिहार के अंतर्गत 3 दिवस के भीतर जन्म प्रमाण-पत्र बनाकर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर रूद्री में आज से श्री कथा ज्ञानयज्ञ

**धमतरी।** दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर रुद्री परिसर में 23 से 25 अप्रैल तक श्री कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है।



स्व-स्वरूप संप्रदाय के जिलाध्यक्ष मोहनीश पद्मावार ने बताया कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज की कृपा एवं प्रेरणा से यह आयोजन हो रहा है। कथा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य ने श्री लीलामृत ग्रंथ की रचना की और समस्त पुराण और शास्त्रों को सारगर्भित रूप से 21 अध्यायों का रूप दिया है जिसका रसपान भक्त कथा में करेंगे। कथा में जगद्गुरु श्री की सिद्धचरण पादुकाओं का भी आगमन होगा जिसका दर्शन भक्त कथा के दौरान कर सकेंगे।

### अधिकारियों ने भवनों का किया औचक निरीक्षण

**भानुप्रतापपुर।** लोक निर्माण विभाग ई एंड एम का जिले में संभागीय कार्यालय खोला गया, जिसके अंतर्गत कांकेर, कोंडागांव और नारायणपुर जिला को सम्मिलित किया गया हैं। संभागीय कार्यालय में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ई एंड एम कि पदस्थापना किया गया है। कार्यपालन अभियंता ने शासकीय भवनों का औचक निरीक्षण किया। पदस्थापना के बाद कार्यपालन अभियंता एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सघन दौरा कर संभाग के लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कराए जा रहे भवनो में विद्युतिकारण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ई/एम के कार्यपालन अभियंता और अनुविभागीय अधिकारी द्वारा भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और पखांजूर क्षेत्र के निर्माणाधीन भवनो का औचक निरिक्षण किया गया। अधिकारीगण दुर्गूकोंदल के कोदपाखा में बन रहे 200 सीटर कन्या छात्रावास, हायर सेकेंडरी स्कूल और कृषि महाविद्यालय पखांजूर में विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

# राहगीरों को पिलाया ठंडा मठा



हरिभूमि न्यूज धमतरी

महाराष्ट्र के मुंबई व नागपुर से अपने रिश्तेदारों से मिलने धमतरी आए प्रवीण मेहता, मालती मेहता, सनत वोरा और शीला वोरा ने गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से रत्नाबांधा मार्ग पर ई-रिक्शा, ऑटो, ट्रैक्टर, ट्रक बस आदि के यात्रियों को ठंडा मठा पिलाया। पोदीना और मसालों से युक्त यह ठंडा मठा स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक था, जिसे बड़ी संख्या में राहगीरों ने ग्रहण कर सराहा।

मुंबई से आए प्रवीण मेहता ने कहा कि धमतरी की थकाने वाली गर्मी में राहगीरों को मठा पिलाकर उन्हें बहुत संतोष और प्रसन्नता हो रही है। इस सेवा कार्य में बिपिन दोशी, रसीला बेन दोशी, डॉ. सरिता दोशी, प्राची दोशी, सुलेखा जोशी, धनश्री जोशी, राधिका जोशी, संतोष, रिजवान और घनश्याम का सहयोग रहा।

# अब ग्रामीण बड़े आयोजन में पानी के लिए परेशान नहीं होंगे

- पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने ट्रेक्टर चलित पानी टैंकरों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज धमतरी

ग्राम सेमरा (डी), अंगारा, दोनर, पीपरछेड़ी (गा) एवं लिमतरा में 15 वें वित्त मद 2024-25 से स्वीकृत ट्रेक्टर चलित पानी टैंकरों का वितरण पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने किया। ज्ञात हो कि इन ग्राम पंचायत के ग्रामीण लम्बे समय से पानी टैंकरों की मांग कर रहे थे। नीशु चन्द्राकर ने टैंकरों का विधि विधान से पूजा पाठ कर हरी झंडी दिखाकर पंचायत के लिए रवाना किया। सेमरा डी. सरपंच सुनीता कमल मंडावी और लिमतरा सरपंच भुनेश्वरी साहू ने बताया कि गांव में पानी टैंकर नहीं होने से विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों में लोगों को परेशानी हो रही थी। अब टैंकर उपलब्ध हो जाने से समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

दोनर सरपंच खिलेश्वरी नागरची ने कहा कि पानी टैंकर के अभाव में परेशानी होती थी, जिसके लिए पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष से अनुरोध कर पानी टैंकर की मांग की गई थी, अब लोगों को निर्धारित समय में जलापूर्ति कराने में सहूलियत होगी। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने कहा कि पंचायतों द्वारा लंबे समय से पानी टैंकर की मांग की जा रही थी जिसें 15 वें वित्त मद 2024-25 से स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसका वितरण ग्राम पंचायतों को किया गया है। इस दौरान पूर्व सरपंच सेमरा डी. रामचंद्र दीवान, पूर्व सरपंच दोनर अवेंद्र देशलहरा, पूर्व सरपंच पीपरछेड़ी गा. दुलेश्वरी भागी निर्मलकर, पूर्व सरपंच लिमतरा फगेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच अंगारा ओमबाई साहू, समाजसेवी सतीश चंद्राकर, रत्तीराम साहू पंच, सेक्टर अध्यक्ष हरीश चंद्राकर, इंद्रमन साहू, चुन्नीलाल साहू, मोहन ध्रुव, सुरेन्द्र साहू, चंद्रकुमार साहू, ललित यादव, रामनारायण ध्रुव, प्रेमा यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रावां स्कूल में 9वीं एवं 11वीं का परीक्षाफल घोषित



हरिभूमि न्यूज धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम सरपंच ज्ञानिकराम साहू, प्राचार्य केश कुमार सेन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मानिक राम साहू, विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू, उपसरपंच पुनारद मटियारा एवं सदस्यगण खोमन सिन्हा, पुनीतराम साहू की उपस्थिति में परीक्षा प्रभारी लोकेश साहू ने घोषित किया गया। कक्षा 9 वीं में 55 छात्रों में 51 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 62.7 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय में 34 में 26 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 76 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 19 एवं वाणिज्य संकाय में 29 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। दोनों संकाय में परिणाम 100 प्रतिशत शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर प्राचार्य शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष, पदाधिकारी, सदस्य, पालकों ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन जीएल साहू ने किया।

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण 30 तक करें : अबिनाश

- खरेंगा सड़क का होगा मुरूमीकरण, बिना एसडीएम की अनुमति के नहीं मिलेगी छुट्टी
- समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश




हरिभूमि न्यूज धमतरी

निर्माणाधीन खरेंगा सड़क पर सुगम आवागमन के लिए जल्द ही मुरूमीकरण कराया जाएगा। इसके साथ ही सड़क पर समुचित ढाल बनाकर पानी निकासी की भी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में इस सड़क पर तात्कालिक व्यवस्था के लिए मुरूम डलवाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित एडीएम श्रीमती रीता यादव और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के दौरान जिले में मिले मांग-शिकायतों संबंधी सभी आवेदनों का निराकरण 30 अप्रैल तक अनिवार्यतः करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने को कहा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्राप्त आवेदनों को विषयवार, योजनावार, मांग-शिकायत, व्यक्तिमूलक योजनावार अलग-अलग कर जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सख्त निर्देशित किया कि 30 तक आवेदनों का निराकरण नहीं करने वाले जिला अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकेगी। सुशासन तिहार के दौरान जिले में लगभग दो लाख आवेदन मिले हैं, जिनमें से लगभग 12 हजार आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने सुशासन तिहार को सरकार की प्राथमिकता वाला अभियान बताते हुए आवेदनों के निराकरण में कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बिना सक्षम कारण के किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को इस दौरान अवकाश स्वीकृत नहीं करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले की चारों जनपद पंचायतों और सभी नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की अवकाश स्वीकृति के लिए संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। ऐसे सभी अधिकारी-कर्मचारी अब संबंधित एसडीएम की अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जा सकेंगे।

# समर कैंप आदेश को निरस्त करने की मांग



- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिलाध्यक्ष डॉ. भूषण लाल चंद्राकार के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विगत दिनों ग्रीष्मकालीन अवकाश में शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में समर कैंप आयोजित करने संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त करने एवं समर कैंप को स्थगित करने, वर्ष 2024 में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चुनावी कार्य में लगे हुए शिक्षक संवर्ग की उपस्थिति दिवस के आधार पर अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने संबंधी आदेश जारी करने तथा मध्यान्ह भोजन ऑनलाइन एंट्री में सर्वर समस्या के कारण जिले के कुछ विद्यालयों में एक-दो दिवस की एंट्री में विलंब हुआ था जिसके कारण से संबंधित शिक्षकों का वेतन रोका गया था जिसका तत्काल भुगतान करने संबंधी मांग प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर जिला महासचिव आशीष नायक, तुनेश्वरी साहू, परविंदर कौर गिल, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम, सचिव हरीश साहू, महामंत्री देवेंद्र भारद्वाज, महासचिव भगवती सोनी, नारद देवांगन, उमेश साहू, भारत सोनी, खिलेश्वर कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# भोथापारा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला साइफनपारा भोथापारा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। वन्यप्रेमी वैभव जगने और प्रेमशंकर चौबे ने बच्चों को पोस्टर पांपलेट के जरिए पृथ्वी को बचाने के लिए संकल्प भी दिलवाया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने को कहा। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।




नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
23 मई 2025
06 जून 2025
14 अगस्त 2025
11 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
विद्युत उपकेंद्र सहायक/ उपकेंद्र गार्ड/ उपकेंद्र में सफाई हेतु 132 KV Sub-Station में 8 घंटा शिफ्ट ड्यूटी कार्य के लिए विभिन्न पदों पर आवश्यकता है।
132 KV Sub-Station - Dhamtari, Bhakhara, Nagari, Kurud ( Dhamtari ), Magarlod
योग्यता
ITI Electrical, Diploma engineer electrical, 12वीं, 10वीं एवं 5वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, पेन कार्ड फोटोकापी, बैंक एकाउंट नंबर, 3 पासपोर्ट फोटो, निवास प्रमाण पत्र (सभी प्रमाण पत्र नोटराइज़ अटेस्टेड सहित 3 सेट फोटोकापी के साथ उपस्थित होवें)
आवेदन की अंतिम तिथि
(27.04.2025 तक उपरोक्त पते पर आकर आवेदन जमा करें।)
संपर्क करें - गोविंद इलेक्ट्रीकल्स
महावर धर्मशाला के सामने, आईडीबीआई बैंक के पास, सिहावा चौक, धमतरी / मो. 97559-95550, 96446-55550

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020